कार्यालय प्राचार्य,राजेन्द्र सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय बडकोट,उत्तरकाशी

कार्यालय आदेश सं0 01 /रा0म0ब0/आनंलाइन शिक्षण/निर्देश/2020–21 दिनांक 17/04/2020

आंनलाइन कक्षाओं के सफल संचालन हेतु आवश्यक निर्देश

उत्तराखण्ड़ शासन के शासनादेश संख्या 290/XXIV–C–4/2020/25 (01)/2016 TC दिनांक 17 अप्रैल 2020 द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में समस्त प्राध्यापकगण आंनलाइन कक्षाओं के संचालन हेतु निम्नलिखित बिन्दुओं पर अनुपालन कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे

(1)– आंनलाइन कक्षाओं के आयोजन हेतु जारी की गई समय सारिणी के अनुसार अनिवार्य एवं नियमित रूप से आंनलाइन कक्षाऐं संचालित की जायेगी

(2)– कार्यालय द्वारा विषयवार छात्रों के मोबाइल नम्बर प्रत्येक विषय प्राध्यापक को उपलब्ध कराये गये है अतः छात्रों को सम्पर्क स्थापित कर उन्हें समय सारिणी की जानकारी देते हुये उन्हें नियमित रूप से आंनलाइन कक्षाओं में उपस्थित रहने हेतु अभिप्ररित करें

(3) यदि इण्टरनेट की कमी के कारण कभी आंनलाइन कक्षाऐं आयोजन सम्भव नही हो पाये तो सम्बन्धित प्राध्यापकगण अपने व्याख्यान Avdio/Video में रिकार्ड कर लेवे ताकि इसका उपयोग एवं प्रसारण आवश्यकतानुसार किया जा सके

4)– सम्बन्धित प्राध्यापक अपने विषय से सम्बन्धित तैयार किये गये नोटस/PPT इत्यादि छात्र/छात्राओं को समुचित माध्यम यथा वाटसएप, ई मेल, यू टयूब, गूगल मीट आदि अन्य माध्यमों में अपलोड/शेयर करेंगे

(5)– सम्बन्धित विषय में तैयार किये गये Assignments छात्र/छात्राओं की उक्तानुससार दिये जायेगे तथा भविष्य में महाविद्यालय खुलने पर छात्र/छात्राऐं उक्त Assignments को सम्बन्धित प्राध्यापकों को मूल्यांकन हेतु प्रस्तुत करेगें

(6)– समय सारिणी में Faculfy-Sudents interaction हेतु निर्धारत पीरियड में सभी प्राध्यापकगण छात्रों की अध्यापन सम्बन्धी प्रश्नो /शकांओं के समाधान करने के अतिरिक्त वर्तमान जारी कोविड महामारी के कारण छात्रों की मनोवैज्ञानिक एवं सामाजिक समस्याओं पर भी उनका यथोचित परामर्श एवं मार्गदर्शन प्रदान करेंगे

(7)– समस्त प्राध्यापकगण आंनलाइन अध्यापन के दैनिक आख्या निर्धारित समयान्तर्गत महाविद्यालय संयोजक को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराये ताकि संकलित आख्या समय पर तैयार कर उच्चाधिकारियों को प्रस्तुत की जा सके

17/4/2020

(डॉ0 ए0के0 तिवारी)
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
बडकोट (उत्तरकाशी)

प्रतिलिपिः– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित

1– जनपदीय नोड़ल अधिकारी/प्राचार्य राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय उत्तरकाशी

2– निदेशालय स्तरीय नोडल अधिकारी /उपनिदेशक क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
बडकोट (उत्तरकाशी)

Scanned with CamScanner